प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28.04.2026 (दोपहर– 1455 बजे)

****

केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी से मुलाकात कर झारखंड में अभ्रक और अन्य प्रमुख खनन मुद्दों पर चर्चा की। बैठक में कोडरमा क्षेत्र में अभ्रक खनन को वैध बनाने और पर्यावरण सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जोर दिया गया। इस पहल से स्थानीय रोजगार और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलने की उम्मीद है।

****

राज्य में कथित ट्रेजरी घोटाले को लेकर राजनीति गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने आज रांची में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 10 हजार करोड़ रुपये के इस घोटाले की जांच के नाम पर केवल लीपापोती की जा रही है। श्री शाहदेव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी जांच सीबीआई और ईडी से कराने की मांग दोहराई है।

****

कोडरमा जिले में भीषण गर्मी के बीच अघोषित बिजली कटौती से जनजीवन बेहाल है। जिले में एक हजार मेगावाट का पावर प्लांट होने के बावजूद लोगों को प्रतिदिन दस घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। बिजली विभाग के एसडीओ गजेंद्र टोप्पो के अनुसार, 90 मेगावाट की मांग के मुकाबले केवल 60 मेगावाट की आपूर्ति हो रही है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लोड शेडिंग की समस्या बढ़ गई है।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने हजारीबाग वन भूमि घोटाला मामले में आरोपी आइएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद 23 अप्रैल को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। यह मामला हजारीबाग में नियमों के विरुद्ध वन विभाग की पांच प्लॉटों की जमाबंदी कराने से जुड़ा है। आरोप है कि उपायुक्त रहते हुए श्री चौबे ने सरकारी जमीन को निजी स्वामित्व में बदलने की साजिश रची।

****

खूंटी में आज से 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता सह जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की गई है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने बताया कि इस अभियान के तहत पंचायत स्तर तक लोगों को कानूनी अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही, जेलों में बंद गरीब कैदियों को मुफ्त कानूनी सहायता और अधिवक्ता उपलब्ध कराने के लिए विशेष सर्वेक्षण भी किया जाएगा।

****

राज्य में भीषण गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली है। राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में आज सुबह से ही झमाझम बारिश और तेज हवाओं ने दस्तक दी जिससे तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम केंद्र, रांची ने आज के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, रांची, बोकारो, हजारीबाग और धनबाद सहित राज्य के लगभग सभी जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और वज्रपात की संभावना है।

****

इस बीच देश में बढ़ती तपिश के बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने झारखंड समेत 21 राज्यों और दिल्ली के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी किया है। आयोग ने लू के दौरान बेघर, बुजुर्गों और बाहरी

कामगारों जैसे कमजोर वर्गों की सुरक्षा के लिए अग्रिम राहत उपाय लागू करने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने राज्यों से पेयजल, शेल्टर होम और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता पर रिपोर्ट मांगी है।

****

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सौरभ तिवारी दुमका प्रीमियर लीग सीजन–2 के फाइनल में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने दुमका पहुंच चुके हैं। रेलवे स्टेशन पर जिला क्रिकेट संघ ने उनका भव्य स्वागत किया। लीग का खिताबी मुकाबला आज ए टीम क्रिकेट ग्राउंड में दुमका चौलेंजर्स और बासुकी–इलेवन के बीच खेला जाएगा। इस मौके पर क्रिकेटर शाहबाज नदीम भी मौजूद रहेंगे।

**********समाप्त*****************